**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी**

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2025

(27 अक्तूबर से 02 नवम्बर 2025)

## निदेशक का संदेश

जैसा कि हम 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहे हैं, जो लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में है, वह उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों के प्रतीक हैं - इस वर्ष का विषय है:-

**"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"**

**"Vigilance: Our Shared Responsibility"**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) में हम पारदर्शिता, निष्ठा और जवाबदेही के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इग्रुआ परिवार के प्रत्येक सदस्य से आह्वान करता हूँ कि हम सभी इन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करें। हमारे उद्योग की नींव सुरक्षा, संरक्षा और विश्वास पर टिकी हुई है। इन स्तंभों को सशक्त बनाए रखना प्रत्येक सदस्य के सामूहिक प्रयास, निरंतर सतर्कता, पारदर्शिता और नैतिक आचरण पर निर्भर करता है। यह अत्यावश्यक है कि हम अपने प्रत्येक कार्यक्षेत्र — प्रशिक्षण, संचालन, प्रशासन और शासन में नैतिक व्यवहार को प्रोत्साहित करें और उसका पालन करें। भ्रष्टाचार एक ऐसी बुराई है जो किसी भी राष्ट्र की प्रगति को कमजोर करती है। इसे समाप्त करना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है।

आइए, इस अवसर का उपयोग हम अपने संगठन में सतर्कता की संस्कृति को और सशक्त बनाने तथा भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए करें। सामूहिक प्रयासों और व्यक्तिगत संकल्पों के माध्यम से हम इग्रुआ और अपने देश के लिए एक उज्ज्वल, पारदर्शी और नैतिक भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

मैं मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) और उनकी टीम की सराहना करता हूँ, जिन्होंने संस्थान में नैतिक आचरण को बढ़ावा देने, अनियमितताओं की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने और एक ऐसा वातावरण निर्मित करने में योगदान दिया है, जहाँ प्रत्येक कर्मचारी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित और सक्षम महसूस करता है।

मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इस सप्ताह आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा सतर्कता की भावना को बनाए रखें।

आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि हम अपने कार्यस्थल को विश्वास, ईमानदारी और उत्तरदायित्व की मजबूत नींव पर स्थापित करेंगे।

**जय हिन्द!**

विपुल

**निदेशक**

एयर कमोडोर विपुल सिंह
एवीएसएम वीएम (सेवा निवृत्त)
Air Cmde Vipul Singh
AVSM VM (Retd.)
निदेशक / Director
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी
Indira Gandhi Rashtriya Uran Akademi
फुरसतगंज एयरफील्ड / Fursatganj Airfield
अमेठी (उ.प्र.) 229302 / Amethi-229302 (U.P.)